भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3295**
12 मार्च, 2026 को उत्तर देने के लिए

## तमिलनाडु में मेगा फूड पार्क

**†3295. थिरु डॉ. एस. जगतरक्षकनः**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्वीकृत और प्रचालनशील मेगा फूड पार्कों की संख्या संबंधी राज्यवार डेटा क्या है;

(ख) तमिलनाडु में गैर-प्रचालनशील या प्रचालनशील होने में विलंब का सामना करने वाले स्वीकृत मेगा फूड पार्कों की कुल संख्या कितनी है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार ने इन विलंबों को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क):** मेगा फूड पार्क योजना के अंतर्गत, मंत्रालय ने देश में 41 मेगा फूड पार्कों (एमएफपी) को मंजूरी दी है। इनमें से 25 एमएफपी चालू हैं। इन एमएफपी का राज्य-वार विवरण, जिसमें उनके कार्यान्वयन की स्थिति भी शामिल है, **अनुबंध** में दिया गया है।

**(ख):** मंत्रालय ने कार्यान्वयन एजेंसी (आईए) नामत: तमिलनाडु राज्य कृषि विपणन बोर्ड (टीएनएसएएमबी) को तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले में एक मेगा फूड पार्क परियोजना के लिए मंजूरी दी है, जो कि एक निर्माणाधीन परियोजना है। इस मेगा फूड पार्क परियोजना के संचालन में मुख्य रूप से खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को भूखंडों के पट्टे के आवंटन में देरी और योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा उनके संचालन में देरी के कारण विलंब हो रहा है।

**(ग):** एमएफपी के क्रियान्वयन, स्वामित्व और प्रबंधन की जिम्मेदारी स्पेशल पर्पस व्हीकल (एसपीवी)/कार्यान्वयन एजेंसी (आईए) की होती है। मंत्रालय नियमित रूप से कार्यक्रम प्रबंधन एजेंसियों (पीएमए) के माध्यम से परियोजनाओं की मोनिटरिंग करता है और वरिष्ठ अधिकारियों तथा माननीय एफपीआई मंत्री के स्तर पर समीक्षा बैठकें आयोजित करके परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करता है ताकि परियोजनाओं का शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा मंत्रालय के संज्ञान में लाए गए किसी भी मुद्दे के मामले में मंत्रालय संबंधित एजेंसियों को मार्गदर्शन और समन्वय करने का प्रयास करता है।

*****

**अनुबंध**

**दिनांक 12.03.2026 को उत्तर हेतु 'तमिलनाडु में मेगा फूड पार्क' के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3295 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**देश में मेगा फूड पार्क योजना के अंतर्गत स्वीकृत 41 मेगा फूड पार्क परियोजनाओं का राज्य-वार विवरण और 28.02.2026 तक उनकी कार्यान्वयन स्थिति।**

| क्र. सं. | एसपीवी/आईए नाम | जिला | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का नाम | अंतिम स्वीकृति की तिथि | कुल परियोजना लागत (करोड़ रुपये में) | स्वीकृत अनुदान ( करोड़ रुपये में) | जारी अनुदान (करोड़ रुपये में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीनि फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | चित्तूर | आंध्र प्रदेश | 30-मार्च-09 | 121.1 | 49.92 | 49.92 | चालू |
| 2 | गोदावरी मेगा एक्का फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | पश्चिम गोदावरी | आंध्र प्रदेश | 16-दिसंबर-13 | 122.6 | 50 | 44.53 | चालू |
| 3 | आंध्र प्रदेश औद्योगिक अवसंरचना निगम लिमिटेड (एपीआईआईसी) | कृष्णा | आंध्र प्रदेश | 31-दिसंबर-15 | 112.94 | 50 | 37.65 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 4 | रोंगोगे मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | पापुम पारे | अरुणाचल प्रदेश | 12-सितंबर-19 | 73.02 | 43.25 | 12.02 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 5 | नॉर्थ ईस्ट मेगा फूड पार्क लिमिटेड | नलबाड़ी | असम | 30-मार्च-09 | 84.96 | 48.84 | 48.84 | चालू |
| 6 | बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बीआईएडीए) | मुजफ्फरपुर | बिहार | 07-अप्रैल-22 | 180.57 | 45.40 | 12.25 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 7 | प्रिस्टीन मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | खगरिया | बिहार | 06-अगस्त-14 | 120.13 | 41.9 | 34.80 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 8 | इंडस बेस्ट मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | रायपुर | छत्तीसगढ | 04-जून-14 | 96.58 | 43.96 | 39.57 | चालू |
| 9 | गुजरात एग्रो इंफ्रास्ट्रक्चर मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | सूरत | गुजरात | 22-मई-14 | 121.86 | 46.69 | 46.69 | चालू |
| 10 | फणीधर मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | मेहसाणा | गुजरात | 16-अगस्त-17 | 151.05 | 50 | 50 | चालू |
| 11 | हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ लिमिटेड (एचएएफ़ईडी) | रोहतक | हरियाणा | 21-फरवरी-18 | 179.75 | 50 | 28.70 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 12 | हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एचएसआईआईडीसी) | सोनीपत | हरियाणा | 06-नवंबर-15 | 155.58 | 44.94 | 33.85 | चालू |
| 13 | क्रेमिका फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | ऊना | हिमाचल प्रदेश | 06-अगस्त-14 | 107.34 | 50 | 45 | चालू |
| 14 | आरएफके ग्रीन्स फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | पुलवामा | जम्मू और कश्मीर | 19-फरवरी-14 | 79.43 | 50 | 29.03 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 15 | इंटीग्रेटेड फूड पार्क लिमिटेड | तुमकुर | कर्नाटक | 29-मार्च-11 | 144.33 | 48.72 | 48.72 | चालू |
| 16 | फेवोरिच इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड | मंड्या | कर्नाटक | 19-दिसंबर-17 | 87.10 | 43.55 | 37.57 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 17 | केरल औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (केआईएनएफ़आरए) | पलक्कड़ | केरल | 27-नवंबर-15 | 105.39 | 50 | 50 | चालू |
| 18 | केरल राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (केएसआईडीसी) | अलप्पुझा | केरल | 27-नवंबर-15 | 129.15 | 50 | 37.8 | चालू |
| 19 | इंडस मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | खरगोन | मध्य प्रदेश | 27-अगस्त-12 | 131.28 | 49.37 | 49.37 | चालू |
| 20 | अवंती मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | देवास | मध्य प्रदेश | 31-दिसंबर-15 | 146.07 | 50 | 40 | चालू |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | सतारा मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | सतारा | महाराष्ट्र | 06-अगस्त-14 | 139.33 | 50 | 45 | चालू |
| 22 | पैठन मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | औरंगाबाद | महाराष्ट्र | 08-मार्च-13 | 124.52 | 48.82 | 43.94 | चालू |
| 23 | वर्धा मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | वर्धा | महाराष्ट्र | 13-जनवरी-16 | 92.36 | 50 | 15 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 24 | मणिपुर खाद्य उद्योग निगम लिमिटेड | थौबल | मणिपुर | 29-जनवरी-20 | 81.83 | 43.254 | 9.49 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 25 | मेघालय औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (एमआईडीसी) | उत्तरी गारो हिल्स | मेघालय | 23-नवंबर-21 | 65.86 | 48.30 | 5.385 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 26 | ज़ोरम मेगा फ़ूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | कोलासिब | मिजोरम | 10-जून-15 | 75.2 | 50 | 44.62 | चालू |
| 27 | डॉयस एग्री रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड | दीमापुर | नागालैंड | 16-अगस्त-17 | 71.79 | 50 | 38.78 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 28 | एमआईटीएस मेगा फूड पार्क लिमिटेड | रायगढ़ | ओडिशा | 16-अप्रैल-12 | 87.88 | 45.94 | 44.95 | चालू |
| 29 | ओडिशा औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (आईडीसीओ) | खोरधा | ओडिशा | 06-नवंबर-15 | 121.95 | 50 | 37.8 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 30 | इंटरनेशनल मेगा फूड पार्क लिमिटेड | फाजिल्का | पंजाब | 25-मई-11 | 130.38 | 50 | 45 | चालू |
| 31 | सुखजीत मेगा फूड पार्क एंड इंफ्रा लिमिटेड | कपूरथला | पंजाब | 06-नवंबर-15 | 107.83 | 48.7 | 38.76 | चालू |
| 32 | पंजाब एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएआईसी) | लुधियाना | पंजाब | 27-नवंबर-15 | 112.87 | 37.73 | 37.62 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 33 | ग्रीनटेक मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | अजमेर | राजस्थान | 19-फरवरी-14 | 110.35 | 49.88 | 44.9 | चालू |
| 34 | श्री राम मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | बीकानेर | राजस्थान | 07-अप्रैल-22 | 132.81 | 50 | 13.49 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 35 | तमिलनाडु राज्य कृषि विपणन बोर्ड (टीएनएसएएमबी ) | तिरुनेलवेली | तमिलनाडु | 23-जून-21 | 77.024 | 23.64 | 13.27 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 36 | स्मार्ट एग्रो फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | निजामाबाद | तेलंगाना | 10-जून-15 | 108.95 | 50 | 44.99 | चालू |
| 37 | तेलंगाना राज्य औद्योगिक अवसंरचना निगम लिमिटेड (टीएसआईआईसी) | खम्मम | तेलंगाना | 05-फरवरी-16 | 109.59 | 49.79 | 28.49 | कार्यान्वयन के अंतर्गत |
| 38 | सिकरिया मेगा फूड पार्क (पी) लिमिटेड | पश्चिमी त्रिपुरा | त्रिपुरा | 30-नवंबर-11 | 77.79 | 48.39 | 45 | चालू |
| 39 | पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क प्राइवेट लिमिटेड | हरिद्वार | उत्तराखंड | 30-मार्च-09 | 95.08 | 50 | 50 | चालू |
| 40 | हिमालयन फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | उधम सिंह नगर | उत्तराखंड | 23-जनवरी-14 | 122.54 | 47.79 | 47.79 | चालू |
| 41 | जंगीपुर बंगाल मेगा फूड पार्क लिमिटेड | मुर्शिदाबाद | पश्चिम बंगाल | 16-मार्च-10 | 132.7 | 50 | 45 | चालू |
| | | | | | 4628.864 | 1948.774 | 1515.585 | |